**राजस्थान सरकार**

## आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

**राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह मई**, 2026 **पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति**

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता है। राज्य का माह मई, **2026** का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक **418.44** (प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह अप्रैल, **2026** के सूचकांक **411.82** की तुलना में **1.61** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति माह मई, **2026** में **6.05** प्रतिशत (मई **2025** की तुलना में मई, **2026** में) रही है। माह मई, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक **471.83**, ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक **597.46** तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक **323.78** अंक रहा है। राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है-

1. **प्राथमिक वस्तु समूह** (**भार** 33.894%): माह मई, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **471.83** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **2.38** प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **2.08** प्रतिशत एवं खनिज उप समूह में **4.20** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि मद समूह के अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **6.25** प्रतिशत जबकि खाद्य पदार्थ उप समूह में **(-)0.13** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **4.03** प्रतिशत, दूध में **1.15** प्रतिशत, मसालों में **5.22** प्रतिशत, रेशों में **4.19** प्रतिशत एवं तिलहन में **7.78** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई तथा खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **4.20** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः लीड कॉन्संट्रेट में **4.61** प्रतिशत, चूना पत्थर में **4.90** प्रतिशत, चाँदी में **5.83** प्रतिशत, स्टेटाईट (सोप स्टोन) में **2.36** प्रतिशत, ज़िंक कॉन्संट्रेट में **19.33** प्रतिशत, इमारती पत्थर में **0.73** प्रतिशत एवं चूना पत्थर (बर्न) में **1.13** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (मई, **2025** की तुलना मई, **2026** में) **8.46** प्रतिशत दर्ज की गई है।
2. **ईंधन**, **शक्ति**, **प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह** (**भार** 16.253%): माह मई, **2026** के दौरान ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह का सूचकांक **597.46** रहा, जो गत माह में **586.67** था जिसमें गत माह की तुलना में **1.84** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस उप समूह में **3.16** प्रतिशत की वृद्धि होना रहा। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (मई, **2025** की तुलना मई, **2026** में) **4.72** प्रतिशत दर्ज की गई।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह** (**भार** 49.853%): मई, **2026** के दौरान इस समूह का सूचकांक **323.78** अंक रहा, जो गत माह में **321.45** की तुलना में **0.72** प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत खाद्य उप समूह में **0.63** प्रतिशत, कताई, बुनाई एवं परिष्करण उप समूह में **0.28** प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी से बने उत्पाद उप समूह में **0.68** प्रतिशत, गैर धात्विक एवं खनिज उत्पाद उप समूह में **1.70** प्रतिशत, बुनियादी कीमती एवं अलौह धातुओं उप समूह **0.72** प्रतिशत एवं मोटर वाहन उत्पाद उप समूह में **2.33** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (मई, **2025** की तुलना मई, **2026** में) **4.55** प्रतिशत दर्ज की गई।

**थोक मूल्य सूचकांक मई**, **2026** (**आधार वर्ष** 1999-2000=100)

| क्र.सं. | समूह / उप समूह | समूहवार भारांकन | राजस्थान का थोक भाव सूचकांक | | | प्रतिशत विचलन मई, **2026** में | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मई*, **2026** | अप्रैल, **2026** | मई, **2025** | अप्रैल, **2026** | मई, **2025** |
| I**1.** | प्राथमिक वस्तु समूह | **33.894** | **471.83** | **460.88** | **435.02** | **2.38** | **8.46** |
| (अ) | कृषि वस्तुओं के उप समूह | **29.933** | **458.79** | **449.42** | **426.70** | **2.08** | **7.52** |
| (ब) | खनिज उप समूह | **3.961** | **570.42** | **547.44** | **497.86** | **4.20** | **14.57** |
| **II2.** | ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह | **16.253** | **597.46** | **586.67** | **570.51** | **1.84** | **4.72** |
| **III3.** | विनिर्मित उत्पाद समूह | **49.853** | **323.78** | **321.45** | **309.69** | **0.72** | **4.55** |
| सामान्य सूचकांक | | **100.00** | **418.44** | **411.82** | **394.56** | **1.61** | **6.05** |

*प्रावधानिक

Signature Not Verified

Digitally Signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date :24-06-2026 03:17:34

**RajKaj Ref No.: 23025708**